**Fourteenth Loksabha**

**Session : 7**
**Date : 20-02-2006**
**Participants : Dasgupta Shri Gurudas,Acharia Shri Basudeb,Malhotra Prof. Vijay Kumar,Yadav Prof. Ram Gopal,Yadav Shri Devendra Prasad,Tripathy Shri Braja Kishore,Dhindsa Shri Sukhdev Singh,Azmi Shri Iliyas,Krishnaswamy Shri A.,Adsul Shri Anandrao Vithoba,Athawale Shri Ramdas,Babbar Shri Raj,Salim Shri Mohammad,Badnore Shri Vijayendra Pal Singh,Suman Shri Ramji Lal,Dasmunsi Shri Priya Ranjan**

>

Title : Reported remarks made by Mr. David Mulford, US Ambassador on India's vote on Nuclear issue of Iran.

SHRI BASU DEB ACHARIA Sir, the US Ambassador to India Mr. David C. Mulford is behaving in a way, which is unbecoming of a diplomat. He has written a letter to the Chief Minister of West Bengal reacting to what the Chief Minister of West Bengal said in a rally at Brigade Parade Ground in Kolkata where he made certain remarks against President Bush. The diplomat has reacted sharply to this. What has he stated and demanded?

"I ask you to reconsider your aggressive anti-American statements."

Sir, this is what Mr. David C. Mulford has written to the Chief Minister of West Bengal. … (*Interruptions*) I would like to know from the Government whether an Ambassador or a diplomat can write … (*Interruptions*)

MD. SALIM (CALCUTTA – NORTH EAST): Is he the American Ambassador or the Viceroy of India. … (*Interruptions*)

MR. SPEAKER: I cannot understand it.

… (*Interruptions*)

**श्री देवेन्द्र प्रसाद यादव (झंझारपुर)** : आप यह कैसे कह सकते हैं?

MR. SPEAKER: Will you allow your leader to speak or not? This is very strange. Your leader is making a statement with my permission.

… (*Interruptions*)

MR. SPEAKER: If you are not supporting him, then nothing is being recorded.

SHRI BASU DEB ACHARIA : Sir, the same thing happened when there was a bomb blast in Assam. He himself offered and wanted that the Federal Bureau of Investigation (FBI) inquire this incident[ak10].

Again, on the eve of our Republic Day, he has outrageously crossed the line of diplomatic propriety. In his interview to the Press Trust of India…

MR. SPEAKER: After all, he is the representative of a friendly country. Let us not use such strong words. You have made your condemnation.

SHRI BASU DEB ACHARIA : He has stated that if the Government of India did not support the United States of America in case of Iran nuclear issue, then the United States of America would reconsider the nuclear agreement which was signed between the United States and India.

**श्री इलियास आज़मी (शाहाबाद)** : क्या वह हमारे अन्दरूनी मामलों में दखल देगा?

**अध्यक्ष महोदयः** आप बैठ जाए।

SHRI BASU DEB ACHARIA : In his interview to the Press Trust of India, he has spotlighted the pitiful terms of bargain struck by the UPA Government with Washington under the signboard of civilian nuclear cooperation. This was a threat passed on to abandon any idea of voting independently on Iran nuclear issue. This is nothing but transgressing his line and his powers. He should be recalled. The Government of India has not taken up this issue seriously. So far, we have not seen any action taken by the Government of India. The Government of India should have taken it up seriously with the United States of America, and the Government of U.S.A., should be asked to recall the U.S. Ambassador to India. They should be asked to recall him. I demand that the Government should make a statement on this issue. We want to know whether any diplomat, any Ambassador or any envoy can directly write to the Chief Minister of any State. I demand a response from the Government. This is a very serious issue.

MR. SPEAKER: It is a serious issue. Repetition will not make it more serious.

SHRI BASU DEB ACHARIA : It is nothing but intervening in the internal matter of our country. We cannot tolerate such interference as it is an internal matter of our country. Today, he wrote to the Chief Minister of West Bengal. He is interfering in the matter of our country. We cannot tolerate it. He should be recalled.

MR. SPEAKER: You have made your point. Let us wait and see. You have made your point.

… (*Interruptions*)

**प्रो. राम गोपाल यादव (सम्भल) :** इसके बारे में कोई रिएक्शन गवर्नमैंट की तरफ से आना चाहिए।

MR. SPEAKER: I cannot direct now. Those who have given notices, I will call them. Shri Gurudas Dasgupta, please be brief. Strong words break no bones.

SHRI GURUDAS DASGUPTA (PANSKURA): Mr. Speaker, Sir, you have rightly said that America is a friendly country.

**प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा (दक्षिण दिल्ली) :** अध्यक्ष महोदय, हमें भी इसके बारे में एक मिनट बोलने का मौका दिया जाए।

**अध्यक्ष महोदयः** आपका नोटिस नहीं आया है।

PROF. VIJAY KUMAR MALHOTRA : On this issue, we are all concerned about it.

MR. SPEAKER: Let him speak.

SHRI GURUDAS DASGUPTA : I am not using harsh words. … (*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Listen to me first. I am saying that you have raised an issue which, according to you, is important. But I am also saying that please do it in a manner which also maintains our dignity. Let us only match them in rhetorics.

SHRI BRAJA KISHORE TRIPATHY (PURI): Where is the dignity?

SHRI GURUDAS DASGUPTA : The point is very simple.

MR. SPEAKER: I do not agree with you that this country has no dignity. Of course, this country has dignity.

SHRI BRAJA KISHORE TRIPATHY : The country has dignity, but we are ashamed that the Government is silent on this issue.

MR. SPEAKER: Do not belittle your country or this House.

SHRI BRAJA KISHORE TRIPATHY : We are proud of this country, but we are ashamed that such a statement was made by a foreign diplomat.

MR. SPEAKER: You are ashamed of the Government! You said, "Where is the dignity?"

SHRI GURUDAS DASGUPTA : India has to be dignified even while dealing with undignified persons of the world. We have to be dignified, I agree. The point is that the Ambassador, as the diplomatic representative of America, has a diplomatic obligation. The basic point is whether the present Ambassador of America has infringed upon his own rights as a diplomatic person. That is the basic question[R11].

The second point is, he has been advising everybody in the world, in this country. Only a few days back he commented on the role of the Left parties in the country. He said that the Left parties' economic policy is against the interest of the country. Mr. Mulford is no guardian of Indian people. Indian people know what to do and what not to do. The Left is an independent political force in the country. The Government is running with our support. Therefore, the Left should not be advised by anybody, least of all by a person who is not an Indian citizen.

You have been talking about Indian citizenship. He is not an Indian citizen. He has been advising everybody in the world. Please let me know under what diplomatic authority he could afford to write a letter to the Chief Minister of West Bengal. Under what diplomatic obligation he is free to advise the Indian Left that their economic policy or their attitude towards economic policy is wrong for the country? Who is he to advise us?

MR. SPEAKER: Do not get so excited.

SHRI GURUDAS DASGUPTA: It seems he believes that colonial rule still persists in India and he is the Viceroy of India. I demand that Mr. Mulford be declared *persona non grata*. President ...* ... is coming to India. We must make it clear ... * ... that this Ambassador is unfriendly to India. … (*Interruptions*) This Ambassador should go back immediately with his bag and baggage.

___________________________________________________________* Not Recorded.

The Government of India must show a little more courage. The Government of India must protect the dignity of the nation. May I know why the Government of India has not lodged any protest? You could not demand his recall but why could you not protest against the unmannerly behaviour of the American Ambassador in India thereby giving an impression that you are yielding to their pressure? If you are afraid of demanding a recall, at least you should have protested against his behaviour. We are very sorry about the behaviour of the Government of India.

MR. SPEAKER: May I make one observation?

SHRI GURUDAS DASGUPTA : We demand a categorical statement from the Government on this issue.

MR. SPEAKER: Please take your seat. This is not right. It will give a very bad impression.

SHRI GURUDAS DASGUPTA : Should not the Government respond to this? The Minister of Parliamentary Affairs is sitting here. Should he not respond to this?

MR. SPEAKER: No, not without my permission.

SHRI GURUDAS DASGUPTA : I seek your permission.

MR. SPEAKER: If you seek my permission, sit down.

SHRI GURUDAS DASGUPTA : *(Interruptions)* ... *

MR. SPEAKER: This portion will be omitted because you have spoken without my permission.

The question is, this gives a bad impression. You spoke as if only Indian citizens can advise us. There are many people all over the world, well-meaning people, very close friends of this country, who are not Indian citizens but they have goodwill for us. Therefore, do not give an impression that we are so much concerned that only Indians can be good.

---

* Not Recorded.

SHRI GURUDAS DASGUPTA : He has been audacious. Advice is one thing: audacity is another thing.

MR. SPEAKER: I never justified it. I said only those who are accepted friends of India. Do not tell that every non-Indian is your enemy!

SHRI GURUDAS DASGUPTA : I have not said 'enemy'. I said 'unfriendly'.

MR. SPEAKER: You questioned as to how non-citizens can advise.

**मोहम्मद शाहिद (मेरठ)** : अध्यक्ष महोदय, हमारे देश में...(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदय :** आप जो बोल रहे हैं, वह रिकॉर्ड में नहीं जा रहा है।

...(व्यवधान)... *

**अध्यक्ष महोदय :** आपने क्या कहा?

**मोहम्मद शाहिद** : सदन में आवाज उठ रही है कि अमेरिका के राजदूत ने धमकी दी है...(व्यवधान)

उस पर चर्चा होनी चाहिए।...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: If you think this House is not being run properly, very well!

... (*Interruptions*)

MR. SPEAKER: This is not the way. No, I would not allow you to speak. यह मार्किट प्लेस नहीं है।

... (*Interruptions*[KMR12])

**प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा** अध्यक्ष जी, यह मुद्दा किसी के पक्ष या विपक्ष में होने का नहीं है। परंतु अमरीका के राजदूत द्वारा किसी मुख्य मंत्री को पत्र लिखना कि वह अपने विचार कैसे रखे या न रखे, हम इसे बिल्कुल अनुचित मानते हैं। यह बहुत ही गलत बात है। इस देश में कोई किसी भी तरह के विचार रख सकता है। यह एक डेमोक्रेटिक कंट्री है। खास तौर पर उन्होंने यह जो धमकी दी थी कि अगर भारत सरकार ने ईरान के पक्ष में वोट डाला तो अमरीका और भारत के बीच जो संधि हुई है, उस पर अमरीका पुनर्विचार करेगा, यह और भी आपत्तिजनक है और इससे भी ज्यादा आपत्तिजनक यह है कि सरकार उस धमकी के आगे झुक गई और सरकार ने झुककर उनके कहने के बाद ईरान के खिलाफ वोट डाला, मैं समझता हूं कि ये तीनों चीजें बहुत गम्भीर हैं। इसलिए अमरीका के राजदूत को...

MR. SPEAKER: Hon. Member, you are only complicating the matter.

**प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा** : भारत सरकार को अमरीका के राजदूत को स्पट तौर पर बताना चाहिए कि किसी राजदूत द्वारा भारत के आंतरिक मामलों में दखल देने, हमें धमकी देने या कौन व्यक्ति क्या विचार रखे, यह बताने का कोई अधिकार नहीं है।

**प्रो. राम गोपाल यादव** : अध्यक्ष महोदय, डिप्लोमैट की कुछ मर्यादाएं होती हैं।

MR. SPEAKER: My only prayer and request to all the hon. Members of this great House is that our response should be dignified. We should conduct ourselves in a manner that people can say that here is a considered response by the leaders of this country, not by shouting and counter-shouting.

**प्रो. राम गोपाल यादव** दो बातें बहुत ऐतराज वाली हैं, जो अमरीकन राजदूत ने यहां कही हैं। प्रथम ईरान के मसले पर जो कुछ उन्होंने कहा, वह प्रत्यक्ष रूप से भारत सरकार को धमकी थी कि अगर ऐसा नहीं हुआ, इंटरनेशनल एटोमिक इनर्जी एजेन्सी में भारत ने अपना वोट अमरीका के पक्ष में और ईऱान के खिलाफ नहीं दिया तो जुलाई में एटोमिक इनर्जी से संबंधित जो समझौता हमारे प्रधानमंत्री के साथ हुआ है, उसका अनुपालन नहीं होगा।

दूसरी बात उससे भी ज्यादा गम्भीर है कि मुख्य मंत्री के बयान पर राजदूत चिठ्ठी लिखे और ऐसे चिठ्ठी लिखे जैसे गांव में कोई जमींदार किसी को धमकी देने के लिए या ललकारने की बात करता है। यह एक बहुत गम्भीर मामला है।

यह देश की प्रतिठा, देश के स्वाभिमान और देश के सम्मान के खिलाफ है। इससे भी ज्यादा खराब बात यह है कि इतना सब कुछ होने के बावजूद हिंदुस्तान की सरकार की तरफ से किसी तरह की कोई रिएक्शन नहीं है, कोई बात नहीं है।

इसलिए मैं यह मांग करता हूं कि हिंदुस्तान की सरकार अमरीका से उसके राजदूत को देश से वापस बुलाने के लिए कहे और राजदूत को बुलाकर जिस तरीके से आपत्ति दर्ज की जाती है, विरोध प्रकट किया जाता है, वह भी करे। इस मांग के साथ श्री बसुदेव आचार्य जी ने जो सवाल उठाया है, मैं उससे अपने आपको सम्बद्ध करता हूं।

MR. SPEAKER: This is what is expected.

… (*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Cooperate with the Chair, you will get the full opportunity. I want to make this absolutely certain. Those who are not cooperating, will not be getting the opportunity.

**श्री देवेन्द्र प्रसाद यादव** अध्यक्ष महोदय, अमरीका के राजदूत के द्वारा जिस तरह का आचरण किया गया है, जिस तरह की हिदायत और धमकी दी गई है। उन्होंने न केवल हमारे एक चीफ मिनिस्टर को पत्र लिखा, बल्कि ईरान के मुद्दे पर जो कहा, वह अभूतपूर्व है। मैं समझता हूं कि यह बहुत गम्भीर मामला है, क्योंकि हमारा देश एक सॉवरेन कंट्री है। हमारी सार्वभौमिकता है। लेकिन फिर भी हमारे देश में कोई राजदूत इस तरह का दुस्साहस करता है तो हम इस राजदूत को तुरंत वापस बुलाने का मांग का समर्थन करते हैं और राजदूत की यह जो प्रवृत्ति है, इस प्रवृत्ति पर तुरंत रोक लगानी चाहिए। मैं समझता हूं कि डिप्लोमैटिक तरीके से राजदूत को बुलाकर हमारी सरकार को इस बात की हिदायत देनी चाहिए और यह काम सरकार को तुरंत करना चाहिए। क्योंकि अमरीकन राजदूत ने जिस तरह का आचरण किया है, यह न केवल अभूतपूर्व है, बल्कि बहुत गम्भीर तथा घोर आपत्तिजनक है। क्योंकि इस तरह का दुस्साहस मैं समझता हूं कि जैसे अंग्रेजों के समय में बड़ा लाट साहब होता था, इन्होंने वैसा ही बड़े लाट साहब का रोल अदा किया cè[R13]।

हमारे देश की इस मामले में कोई डिप्लोमेटिक मर्यादा भी होती है, इन्होंने उस मर्यादा का उल्लंघन किया है। जितनी डिप्लोमेटिक मर्यादाएं हैं, उन सभी मर्यादाओं को समाप्त करने का काम अमेरिकन राजदूत ने किया है।...(व्यवधान) इसलिए उन्हें तुरंत इस हरकत के लिए खेद व्यक्त करना चाहिए।...(व्यवधान)

**श्री इलियास आज़मी** : अध्यक्ष महोदय, हमारी पार्टी का नम्बर भी है।...(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदय** : आप थोड़ा धीरज रखिए, हम आपको भी बुलाएंगे। हमने आपका लिस्ट में नाम लिख लिया है। सब माननीय सदस्यों के एक साथ बोलने से किसी की बात रिकार्ड में नहीं आएगी।

SHRI BRAJA KISHORE TRIPATHY Hon. Speaker, Sir, we all have been shocked with the statement of this foreign dignitary. We want to respect him. He is the Ambassador of a country. He should not also show disrespect to the people of this country. It is further shocking that the Government is silent over this. The prolonged silence of this Government is further shocking. The entire country is shocked over the statement. But the Government is not reacting and remaining silent. How is this Government functioning in this country without reacting to it when the whole country is insulted? I want the Government to come forward with a statement.

Such type of Ambassadors should be asked to go back immediately. The US Government should be asked that the Ambassador should respectfully quit this country. He should not make such types of statement. That is my demand. The Government should come forward with a statement.

**श्री सुखदेव सिंह ढींडसा** अध्यक्ष महोदय, धन्यवाद। ...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: Hon. Leader of a Party is speaking. Please show some respect to him.

**श्री सुखदेव सिंह ढींडसा :** अध्यक्ष महोदय, यह बहुत गंभीर मसला है, इसकी सीरियसनैस को आपने देख लिया है। सारी अपोजिशन और जो रुलिंग पार्टियां हैं, उन सभी ने यह ज़ाहिर किया है कि अमेरिका जिस तरीके से हमारी सावरेंटी को चेलैंज कर रहा है, उस पर कोई एक्शन लिया जाए। संसदीय कार्य मंत्री साहब यहां बैठे हैं, वह अगर आज जवाब नहीं देते तो कोई तारीख फिक्स कर दें। यह कोई जवाब तो दें कि इन्होंने उनके साथ कोई बात की और अगर बात की तो उनका क्या जवाब है, उस पर सरकार क्या एक्शन ले रही है?

**श्री इलियास आज़मी** अध्यक्ष महोदय, माननीय बसुदेव आचार्य जी ने जो मामला उठाया है, वह देश की इज्जत, आबरू का मामला है। मलफोर्ड ने सिर्फ पश्चिम बंगाल के मुख्य मंत्री जी को चिट्ठी नहीं लिखी, बल्कि उसके लिए कई बार उसने धमकी के अल्फाज़ इस्तेमाल किए, जो हमारे अज़ीम देश की मर्यादा के बिलकुल खिलाफ थे। मुझे अफसोस है कि जो सरकारें आती हैं, पहले एनडीए की सरकार थी तो उन्होंने इस बड़ी ताकत के आगे घुटने टेके कि ... * और अब जब यूपीए की सरकार आई है,...(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदय :** आप इग्नौर कीजिए।

**श्री इलियास आज़मी** अब जब यूपीए की सरकार आई है तो ... * मेरी सदन और आपके माध्यम से देश की इज्जत को बचाने के लिए मांग है कि ...* के आने से पहले मलफोर्ड को नापसंदीदा आदमी करार देकर देश से वापिस किया जाए।...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: Do not use that name or remark.

...(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदय :** आप हमारी थोड़ी मदद कीजिए, हमारा गला ठीक नहीं है।

---

* Not Recorded.

SHRI A. KRISHNASWAMY Sir, I strongly object this type of attitude of the American Ambassador. We have never heard, in the past, regarding an Ambassador threatening a Chief Minister by writing a letter. It will damage the sovereignty of our country. Therefore, to protect the sovereignty of the country, the American Ambassador should be asked to leave. There should be a statement from the Government of India.

**श्री आनंदराव विठोबा अडसूल** अध्यक्ष महोदय, बसुदेव आचार्य जी ने वेस्ट बंगाल के मुख्य मंत्री जी के बारे में और मल्होत्रा जी ने ईरान के वोटिंग के बारे में जो मसला उठाया है, यह मसला बिलकुल गंभीर है। यह देश के सम्मान और वेस्ट बंगाल के मुख्य मंत्री जी के सम्मान की बात है। उन्होंने आह्वान किया है और यहां जो बातें उठाई हैं कि उन्हें तुरंत वापस भेजना चाहिए, उस मांग को मैं भी दोहराता cÚÆ[R14]।

**श्री रामदास आठवले** अध्यक्ष महोदय, अमरीका के राजदूत ने वैस्ट बंगाल के चीफ मिनिस्टर को जिस तरह का पत्र लिखा है, वह सरासर गलत बात है। जहां तक अमरीका के सामने झुकने की बात है, एन.डी.ए. के 6 साल के कार्यकाल में कितनी बार झुकने का प्रयत्न किया गया था। हम चाहते हैं कि अमरीका भारत के साथ दोस्ती बरकरार रखे लेकिन अगर अमरीका इस तरह से दबाव रखने का प्रयत्न करेगा तो उसके लिये हम सब पार्टियों के लोग उसका विरोध करते हैं। अगर अमरीका के राजदूत को कोई पत्र लिखना था तो वह भारत सरकार को लिख सकते थे लेकिन किसी मुख्यमंत्री को पत्र नहीं लिखना चाहिये था। किसी स्टेट के मुख्य मंत्री को इस तरह का पत्र लिखना बहुत ही गलत बात है । इसलिये अमरीका के राजदूत को वापस बुलाया जाना चाहिये। अगर अमरीका के प्रेजीडेंट यहां आ रहे हैं तो हम सब लोग अमरीका के राजदूत को हटाने का प्रयत्न करेंगे और उन्हें वापस बुलाना चाहिये।

**श्री राज बब्बर** अध्यक्ष महोदय, अमरीकी राजदूत के बारे में जो कहा गया है, यह बहुत ही गम्भीर मसला है। जिस तरह से राजदूतों की दखलंदाजी प्रदेशों में हो रही है, यह बहुत ही खतरनाक है। उत्तर प्रदेश के अंदर अमरीका और इज़राइल के राजदूत 3-3 दिन तक रहे और किस तरह से उनकी दखलंदाजी रही, उनकी क्या गतिविधियां रहीं, यह इस बात से मालूम होता है कि वे वहां एग्रो-एक्सपो के लिये गये लेकिन अंदर तीन सैकिंड भी नहीं गये। मुझे नहीं मालूम कि भारत सरकार को इस बारे में ज्ञान है या नहीं? उत्तर प्रदेश बहुत ही संवेदनशील और बहुत ही महत्वपूर्ण राज्य है। अभी कुछ दिनों पहले अखबारों में छपा कि...(व्यवधान)

MR. SPEAKER Are you not speaking on this ongoing matter?

SHRI RAJ BABBAR Yes, Sir, I am speaking on this. I am speaking very much on this matter. अभी दो दिन पहले अखबारों में छपा कि एक राजनैतिक व्यक्ति के पास 150 करोड़ रुपया गया। मुझे डर इस बात का है कि यह राजनैतिक व्यक्ति कौन है, क्योंकि जो 150 करोड़ रुपया दिया गया है, वह आतंक के लिये इस्तेमाल होगा या शस्त्रों के लिये इस्तेमाल होगा...(व्यवधान)

MR. SPEAKER:  For this, you have to give a specific notice.

**श्री राज बब्बर** यह सरकार अमरीका और इजराइल के राजदूतों के जाने की गतिविधियों और वहां दबाव देने के बारे में जानकारी क्यों नहीं दे रही है और आई.टी.डिपार्टमेंट इस संबंध में गाइड क्यों नहीं कर रहा है? यह व्यक्ति कौन है जिसे 150 करोड़ रुपया दिया गया ? जिस तरह से यह व्यक्ति ऐसा दलाल है...(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदय** नहीं, ऐसे नहीं चलेगा।

**श्री राज बब्बर** अध्यक्ष जी, इस तरह की जानकारी बहुत जरूरी है क्योंकि 150 करोड़ रुपया उत्तर प्रदेश में दिया गया है। अगर यह जानकारी नहीं मिलेगी तो आने वाले समय में वहां चुनाव होने वाले हैं। उत्तर प्रदेश में आतंक के लिये...(व्यवधान)

MR. SPEAKER:  Bring that to me. Hum dekhenge….

**श्री राज बब्बर** : अध्यक्ष जी, मेरी आपसे विनती है कि सरकार हमारे सामने जवाब दे कि वे कौन लोग हैं जो उत्तर प्रदेश में आतंक की योजनायें बना रहे हैं?

**मोहम्मद सलीम** अध्यक्ष जी, हमें भारतीय होने के नाते गर्व है कि हमारी अपनी एक संस्कृति, एक परम्परा और एक लोकतांत्रिक परम्परा है। विश्व के किसी भी देश से चाहे कोई राजनयिक या कोई व्यक्ति आये तो हम उसे अतिथि के तौर पर आदर से रखते हैं लेकिन हम किसी व्यक्ति को या राजदूत को हमारे देश के अंदरूनी मामलों मे दखलंदाजी करने की इजाजत नहीं दे सकते हैं। विश्व के किसी भी देश में ऐसा नहीं होता, चाहे वह छोटा देश ही क्यों न हो। अगर उसे अपना आत्म-सम्मान है तो दूसरे देश के राजदूत मशविरा दें कि वे अपने चुने हुये चीफ मिनिस्टर से यह कहें कि उन्होंने यह शब्द क्यों कहे, यह गलत है। अमरीका का भी गौरव है। अगर हम अमरीका जाते हैं और अगर अमरीका के साम्राज्यवाद के खिलाफ कोई हमारा बयान है तो अमरीका में जिम्मेदारी दे सकते हैं कि अमरीका का लोकतंत्र इसे अलाऊ करता है

लेकिन इस देश में अमरीका के राजदूत हमें अलाऊ नहीं करेंगे कि हमारे चीफ मिनिस्टर ... *

MR. SPEAKER: No; that will not go on record.

**मोहम्मद सलीम** अध्यक्ष जी, हमारे प्राइम मिनिस्टर को और हमारी सरकार को यह हिम्मत जुटानी चाहिये कि वह राजदूत से यह कहें कि वे ऐसा नहीं कर सकते हैं। अगर राजदूत से ऐसा नहीं कह सकते तो इस सदन में आकर बयान दें। हम समझते हैं कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर यह कहेना कि अगर ईरान के मामले में वोट सही नहीं होगा तो गड़बड़ हो जायेगी। एफ.डी.आई. के बारे में हमें मशविरा देना कि वामपंथियों को क्या करना चाहिये ...(व्यवधान)

MR. SPEAKER:  Leave it, those are not the matters here.

**मोहम्मद सलीम** : अध्यक्ष जी, सी.पी.आई. के नेता अपनी रैली में क्या कहेंगे, अमरीका से इसके लिये परमीशन लेने की जरूरत नहीं है...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: All right. Mr. Salim, now you are repeating the same thing. Please take your seat.

**मोहम्मद सलीम** : अध्यक्ष जी, प्रधान मंत्री को यह कहना होगा कि इस देश में एक मुख्य मंत्री क्या कहेगा, क्या नहीं कहेगा, अमरीका इसकी मौनिटरिंग नहीं कर सकता है। इसलिये सरकार को हिम्मत जुटानी पड़ेगी, एक बयान देना पड़ेगा कि इस देश से एक राजदूत को रीकाल करने के बारे में सरकार

कहे ... *

MR. SPEAKER: Do not bring us to that level, please.

MD. SALIM : It should not be treated like this.

MR. SPEAKER: Mr. Salim, it does not behove you to say like that[RB15].

SHRI VIJAYENDRA PAL SINGH I endorse the views expressed by most of the hon. Members here on this issue. Let me also put forth my views.

We have had very eminent Ambassadors from America. Today India and America are enjoying very good relations. What I want to say is that Ambassador Mulford must realise this. As an Ambassador, he is not an ordinary person or an ordinary American who is coming here. He is an Ambassador of a country; he must speak out what befits the relationship between India and America. What he

---

* Not Recorded.

has done is very wrong and we must really protest to the Government of America. This must be done by the Prime Minister and the External Affairs Minister. Thank you very much.

**श्रीमती सुमित्रा महाजन (इन्दौर)** : माननीय अध्यक्ष जी, अभी देश के एक अलग प्रकार के स्वाभिमान की बात हो रही थी। मैं एक दूसरी तरफ भी सदन का ध्यान आकर्षित करना चाहूंगी। ...(व्यवधान)

SHRI BASU DEB ACHARIA : Is there any clarification from the Government? …(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: It depends on the Government. It is entirely for the Government to respond.

… (*Interruptions*)

**श्री देवेन्द्र प्रसाद यादव** : यह देश के स्वाभिमान का सवाल है। ...(व्यवधान)

**श्री रामजीलाल सुमन** : सरकार को बयान देना चाहिए। ...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: So far as the instantaneous response is concerned, it entirely depends on the Government to see whether they would like to respond to it now or later or not at all. But if you hold up the proceedings of the House, how does it help? It is entirely for the Government to respond.

… (*Interruptions*)

**श्री देवेन्द्र प्रसाद यादव** : सरकार को इस पर स्टेटमैंट देना चाहिए। ...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: Mr. Minister, do you want to say something?

… (*Interruptions*)

MR. SPEAKER: If he wants to say something, I will not stand in the way. I have only said that I cannot compel him.

… (*Interruptions*)

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND MINISTER OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI PRIYA RANJAN DASMUNSI): Sir, I have respectfully heard the concerns expressed by the distinguished hon. Members. Certainly, I can assure the House that I will convey the concerns to the hon. Prime Minister today. I can also tell that our Government and our nation – not in the past, nor now nor in future too – shall compromise on our national dignity, and honour and authority of the Parliament.

SHRI BASU DEB ACHARIA : Sir, it is not sufficient.

**श्री रामजीलाल सुमन** : हम लोग इसके विरोध में सदन का बहिकार करते हैं।

**13.08 hrs.**

(Shri Ramjilal Suman and some other hon. Members then left the House)

SHRI BASU DEB ACHARIA : Sir, we are not satisfied with the statement and we are walking out.

**13.08 ¼ hrs.**

(At this stage, Shri Basu Deb Acharia and some other

hon. Members left the House.)

**श्री देवेन्द्र प्रसाद यादव** : यह सदन और देश के लिए बहुत गंभीर मामला है। …(व्यवधान)

हम सदन से वाक आउट करते हैं।

**13.08 ½ hrs.**

(Shri Devendra Prasad Yadav and some other Hon. Members

then left the House)

MR. SPEAKER: Do not take down anything now. Nothing should be recorded.

*(Interruptions) …**

**श्री गुरुदास दासगुप्त** : आपको भी जाना चाहिए। Do not protect them. उन्को प्रोटैक्ट मत करो। …(व्यवधान)

---

* Not Recorded.

**13.08 ¾ hrs.**

(At this stage, Shri Gurudas Dasgupta and some other

hon. Members left the House.)

**श्री राज बब्बर** : भारत सरकार इनकम टैक्स विभाग से उस व्यक्ति का नाम पता करके दे जिसके बारे में अखबारों में आया है, जिससे पता चले कि यह दलाल प्रवृत्ति का आदमी कौन है। …(व्यवधान) भारत सरकार अपनी जिम्मेदारी को समझ नहीं रही है, इसलिए मैं सदन से वाक आउट करता हूं।

**13.09 hrs.**

( Shri Raj Babbar then left the House)

…(व्यवधान)

-------------

**अध्यक्ष महोदय :** अभी हम दूसरे इश्यू पर हैं। मैं एक एक करके सबको बुला रहा हूं। आपका नाम नोटिस में होगा तो आपको भी मौका देंगे। Shrimati Sumitra Mahajan may please continue now.